Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding increasing air pollution in the country.

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर) : माननीय सभापति महोदय, मैं वायु प्रदूषण पर अपनी बात रखना चाहता हूं। आज वर्तमान में केन्द्र सरकार ने वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए तीन कदम उठाए हैं- नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम, 15th फाइनेंस कमीशन और कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट, लेकिन इन तीनों कदमों में बहुत-सी कमियां हैं। … (व्यवधान) नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम में अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, केवल कुछ प्लान्स ही बनाए गए हैं। 15th फाइनेंस कमीशन को लेते हुए लोकल म्युनिसिपल कॉरपोरेशन को ग्रांट्स दिए गए हैं, लेकिन वहां पर पैसा आवंटित होने के बावजूद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।… (व्यवधान) कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट केवल नैशनल कैपिटल रीजन को देखता है, जबकि वायु प्रदूषण पूरे इंडो-गैंजेटिक प्लेन में है। … (व्यवधान)

अत: मेरी सरकार से यह दरख्वास्त है कि वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी को खुद हस्तक्षेप करना चाहिए। … (व्यवधान) माननीय प्रधान मंत्री और इंडो-गैंजेटिक प्लेन के सभी मुख्य मंत्रियों द्वारा देश की वायु प्रदूषण की समस्या पर ध्यान देते हुए तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए। धन्यवाद। … (व्यवधान)